हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 11 जून 2026

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 23.2 डिग्री

4

जल जीवन मिशन ने बदल दी पुटुकेला गांव की तस्वीर



## खबर संक्षेप

### बीएड एवं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा आज

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम), रायपुर द्वारा 11 जून 2026 को बीएड एवं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा-2026 का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा पूर्वाह्न 10:00 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षाओं को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्र क्रमांक 1901 से 1912 तक पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है।

### 22 को लगेगी महिला आयोग की न्यायपीठ

महिला उत्पीड़न से संबंधित 11 प्रकरणों की होगी सुनवाई

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित जशपुर जिले के प्रकरणों की सुनवाई के लिए 22 जून को न्यायपीठ का आयोजन किया जाएगा। आयोग की गठित न्यायपीठ द्वारा प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई कर संबंधित पक्षों को न्याय दिलाने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनवाई 22 जून 2026 को प्रातः 11 बजे से कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। इस दौरान महिला उत्पीड़न से संबंधित कुल 11 प्रकरणों की सुनवाई निर्धारित की गई है। सुनवाई आयोग की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती किरणमयी नायक एवं सदस्य प्रियम्वदा सिंह जूदेव की उपस्थिति में की जाएगी। आयोग द्वारा प्रकरणों के दोनों पक्षों को सुनकर आवश्यक दिशा-निर्देश एवं कार्यवाही की जाएगी। राज्य महिला आयोग ने संबंधित पक्षकारों से निर्धारित तिथि एवं समय पर सुनवाई में उपस्थित होकर अपने पक्ष प्रस्तुत करने की अपील की है, ताकि प्रकरणों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

### भृत्य से सहायक ग्रेड 3 पद पर पदोन्नत हुए कर्मचारियों



**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन की पहल से शिक्षा विभाग संवर्ग टी एवं ई अंतर्गत लंबे समय से भृत्य के पद पर सेवारत कर्मचारियों को सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नत कर्मचारियों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जशपुर अभिषेक कुमार 08 जून 2026 को पदोन्नति आदेश वितरित किए गए। जिला शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र कुमार सिन्हा ने बताया कि कलेक्टर रोहित व्यास जशपुर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के निर्देशानुसार निर्धारित समय-सीमा में पदोन्नति की कार्यवाही पूर्ण की गई है। भृत्य संवर्ग के कर्मचारी काफी लंबे समय से पदोन्नति से वंचित थे। संवर्ग टी अंतर्गत 29 एवं संवर्ग ई अंतर्गत कुल 4 पदों पर पदोन्नति की गई है। पदोन्नति आदेश प्राप्त होने पर पदोन्नत कर्मचारियों में खुशी का माहौल व्याप्त है।

### जिले में 33.1 मिमी औसत वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 1 जून से अब तक 144.6 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 10 जून तक सामान्य औसत वर्षा 172.9 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 33.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 7.4 मिमी, मनोरा में 22.2 मिमी, कुनकुरी में 18.2 मिमी, दुलदुला में 1.5 मिमी, फरसाबहार में 18.4 मिमी, बगीचा में 14.7 मिमी, कांसाबेल में 36.2 मिमी, पत्थलगांव में 14.9 मिमी, सन्ना में 11.1 मिमी एवं बागबहार में 0.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कांसाबेल तहसील में 36.2 मिमी दर्ज की गई है। 10 जून को सर्वाधिक बगीचा तहसील में 9.1 मिमी वर्षा हुई।

## झारखंड से अंबिकापुर तक फैला था नेटवर्क

# 12 सौ से ज्यादा नशीले इंजेक्शन के साथ 5 तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जशपुर पुलिस को नशे के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता मिली है। झारखंड से जशपुर होते हुए अंबिकापुर ले जाए जा रहे भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1200 से अधिक नशीले इंजेक्शन, कार, मोटरसाइकिल, मोबाइल और नकदी समेत लगभग 3 लाख 98 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है।

■ पुलिस मितान की मदद से जंगल में घेराबंदी कर पकड़े गए आरोपी

मामला जशपुर सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। 9 जून की रात पुलिस गश्त के दौरान सारूडीह रोड पर एक संदिग्ध कार को देखकर सतर्क हुई। पुलिस को देखते ही कार सवार जंगल की ओर भागने लगे। पीछा करने पर आरोपी कार छोड़कर ग्राम हाथीसार (किनकेल) के जंगल में छिप गए।पुलिस मितान टीम की मदद से जंगल में घेराबंदी की गई और कड़ी मशक्कत के बाद तीन आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

कार की तलाशी के दौरान पुलिस ने रेक्सोजेसिक बुप्रेनरफिन इंजेक्शन और एविल इंजेक्शन की बड़ी खेप बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि नशीले इंजेक्शन झारखंड के गुमला जिले के तिगरा निवासी मो. शमशेर खान उम्र 48 वर्ष से खरीदे गए थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शमशेर खान को भी गिरफ्तार कर लिया। वहीं घटना के बाद फरार चल रहे अरूण राम उम्र 29 वर्ष, निवासी सुभाष नगर अंबिकापुर को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### पुलिस मितान के सहयोग से यह बड़ी सफलता

डीआईजी एवं एसएसपी जशपुर डॉ.लाल उमेद सिंह ने कहा कि पुलिस मितान के सहयोग से यह बड़ी सफलता मिली है और जिले में नशे के कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### नशे के खिलाफ जशपुर पुलिस की बड़ी चोट

जशपुर पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में नशे के नेटवर्क पर बड़ी चोट माना जा रहा है। पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश कर रही है।

### इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों में दीपक लकड़ा उम्र 32 वर्ष, निवासी सिंगीटाना थाना लखनपुर जिला सरगुजा, अमन सिंह उम्र 30 वर्ष, निवासी विशुनपुर अंबिकापुर, और आलोक साय उम्र 29 वर्ष, निवासी भगवानपुर चौक गांधीनगर अंबिकापुर शामिल हैं।

### इन समानों को पुलिस ने किया जब्त

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 865 एमएल रेक्सोजेसिक इंजेक्शन, 1200 शीशी एविल इंजेक्शन, एक कार, एक मोटरसाइकिल, चार मोबाइल और 6500 रुपये नकद जब्त किए हैं।सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(ग) के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

## हवा में उछली कार, तीन पलटियां खाकर खेत में गिरी



**जशपुरनगर।** चराईडांड़- बतौली स्टेट हाईवे मार्ग पर बुधवार को एक ऐसा हादसा हुआ, जिसे देखकर मौके पर मौजूद लोगों की सांसें थम गईं। नारायणपुर के कपरिनाला मोड़ के पास तेज रफ्तार से दौड़ रही एक कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क से उछलते हुए खेत में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार सड़क छोड़ने के बाद करीब तीन फीट तक हवा में उछली और फिर दो से तीन बार पलटते हुए खेत में जा गिरी। हादसा इतना भयावह था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए, लेकिन चमत्कारिक रूप से चालक की जान बच गई और उसे केवल हल्की चोटें आईं।

■ वाहन से निकलने लगा धुआं चमत्कारिक रूप से बचा चालक

घटना के समय स्टेट हाईवे पर सामान्य आवागमन जारी था। अचानक तेज धमाके जैसी आवाज सुनाई दी और लोगों की नजरें सड़क की ओर दौड़ पड़ीं। देखते ही देखते एक कार सड़क से नीचे खेत में पलटती नजर आई। वाहन ⏭ शेष पेज 4 पर

## प्रभारी सचिव ने मातृत्व वन में किया पौधरोपण



**जशपुरनगर।** जिले के प्रभारी सचिव अंकित आनंद ने अपने जशपुर प्रवास के दौरान 8 जून को जशपुर मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस परिसर में विकसित मातृत्व वन में 'एक पेड़ मां के नाम'अभियान के अंतर्गत अपनी माता के सम्मान में लक्ष्मीतरु का पौधा रोपित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम'अभियान केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रयास नहीं है, बल्कि यह माताओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक भावनात्मक माध्यम भी है। यह अभियान आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास, वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार, एसडीओ वन विभाग करण सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि सर्किट हाउस परिसर में लगभग 2 एकड़ क्षेत्र में विकसित मातृत्व वन में 400 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया है। यह वन पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक संवेदनाओं के समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभर रहा है।

## सत्र प्रारंभ होने के पूर्व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से संवारे जा रहे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव



जिला कलेक्टर द्वारा सभी विद्यालयों एवं छात्रावासों को शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व साफ- सफाई करने का निर्देश दिया गया है। इसी के परिपालन में 10 जून को हायर सेकेंडरी स्कूल एवं छात्रावास लुड़ेग का सफाई कार्य जनप्रतिनिधि मनीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल, प्रदीप चौहान शाला विकास समिति अध्यक्ष, शिक्षा समिति के सदस्य ललित खुंटिया, कुमारी कमला नाग, भारती शर्मा, सरपंच, पंच, विकासखंड के स्त्रोत समन्वयक जगरनाथ पाढ़ी, दिलीप चौहान सेवानिवृत्त प्राचार्य संकुल प्रभारी, शशिकला पैकरा, संकुल समन्वयक बली साय नागवंशी, मंडल संयोजक, छात्रावास अधीक्षक घनश्याम यादव एवं संकुल की सभी शालाओं के संस्था प्रमुख एवं शिक्षकों की उपस्थिति किया गया। साथ ही जनप्रतिनिधि द्वारा समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में विशिष्ट अतिथि मनीष अग्रवाल ने कहा कि सभी शिक्षक समय में अपना कर्तव्य निर्वहन करें। विद्यालयीन गतिविधियों पर पूरा फोकस करें एवं विद्यालय में शाला प्रबंधन समितियों की प्रतिमाह बैठक आयोजन करें।

सेवानिवृत्त प्राचार्य दिलीप चौहान ने कहा कि जब सभी कर्मचारी अपने कर्तव्यों पर खरे उतरेंगे तो विद्यालय के आधारभूत सुविधा के साथ-साथ बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार होगी। प्रत्येक संस्था प्रमुख को यह निर्देश दिए की विद्यालयों में शाला प्रबंधन समिति का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उन्हें हमेशा बैठक बुलाकर प्रत्येक कार्यों का कार्य योजना बनाएं। साथ हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य शशि कला पैकरा को 10वीं एवं 12वीं अच्छे रिजल्ट आने की बधाई दी गई।

हायर सेकेंडरी लुड़ेग के शाला प्रबंधन अध्यक्ष प्रदीप चौहान ने विद्यालय में स्वच्छता, शिक्षा गुणवत्ता, बच्चों का नियमित उपस्थिति, शिक्षकों का नियमित उपस्थिति,6 से 14 वर्ष के सभी बच्चे प्रवेशित हो शाला प्रबंधन समिति की बैठक नियमित हो इस पर फोकस डाला गया।

## 35 सौ पदों पर होगी भर्ती, दो वर्षीय अनुबंध पर मिलेगी नौकरी

**जशपुरनगर।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए विदेश में रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर उपलब्ध हुआ है। जिला रोजगार अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार इजराइल में वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों की देखभाल के लिए 35 सौ पदों पर भर्ती की जा रही है।

■ लगभग 2 लाख रुपये प्रतिमाह तक का वेतन

चयनित अभ्यर्थियों को दो वर्ष की अनुबंध अवधि के लिए रोजगार प्रदान किया जाएगा तथा अनुबंध का नवीनीकरण भी संभव होगा। भर्ती के लिए अभ्यर्थी की आयु 25 से 45 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। उम्मीदवार को बेसिक अंग्रेजी का ज्ञान, न्यूनतम तीन वर्ष का वैध पासपोर्ट, शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। न्यूनतम लंबाई 1.5 मीटर तथा वजन 45 किलोग्राम निर्धारित किया गया है। साथ ही अभ्यर्थी ने पूर्व में इजराइल में कार्य नहीं किया हो। वांछनीय योग्यताओं में जीडीए (जनरल ड्यूटी असिस्टेंट), एएनएम, जीएनएम, बीएससी. नर्सिंग, पोस्ट बीएससी नर्सिंग, फिजियोथेरेपी तथा नर्स असिस्टेंट मिडवाइफरी शामिल हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 6443.85 एनआईएस लगभग दो लाख रुपये प्रतिमाह का सकल वेतन मिलेगा। वेतन से मेडिकल, आवास, भोजन एवं अन्य निर्धारित मदों की कटौतियां की जाएंगी। कर्मचारियों को आवास, भोजन, मेडिकल इंश्योरेंस, 9 राष्ट्रीय अवकाश, 16 दिन का वार्षिक अवकाश तथा सप्ताह में 6 कार्य दिवस की सुविधा मिलेगी। कार्य की जिम्मेदारियों में वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों की देखभाल, नहलाना, कपड़े बदलना, भोजन बनाना एवं खिलाना, दवा देना, बाहर ले जाना, खरीदारी करना तथा अन्य आवश्यक सहायता प्रदान करना शामिल है। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत एनएसडीसी पंजीयन, मेडिकल जांच, पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट, पासपोर्ट शुल्क, वीडियो इंटरव्यू शुल्क, वीजा शुल्क, फ्लाइट टिकट तथा अन्य निर्धारित शुल्क देय होंगे।

## महिला स्व-सहायता समूहों को मिलेगा बैंक ऋण का बड़ा अवसर

**जशपुरनगर।** ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जनपद पंचायत कुनकुरी एक महत्वपूर्ण पहल करने जा रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तहत 16 जून 2026 को जनपद पंचायत परिसर कुनकुरी में विशेष ऋण एवं बैंक लिंकेज मेले का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से महिला स्व-सहायता समूहों के लंबित ऋण प्रकरणों का निराकरण कर उन्हें स्वरोजगार और आजीविका गतिविधियों के लिए बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

जनपद पंचायत कुनकुरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा क्षेत्र के प्रमुख बैंकों के शाखा प्रबंधकों को पत्र जारी कर कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से शामिल होने तथा सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र के अनुसार बैंक अधिकारियों को अपने यहां लंबित ऋण प्रकरणों की समीक्षा कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर प्रक्रिया में लाने और ऋण मेले से पहले सभी मामलों का सत्यापन सुनिश्चित करने कहा गया है। इस विशेष आयोजन मे भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक सहित अन्य बैंक शाखाओं की भागीदारी रहेगी। सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक चलने वाले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला स्व-सहायता समूहों की उपस्थिति रहने की संभावना है।





■ 16 जून को कुनकुरी जनपद परिसर में लगेगा विशेष ऋण एवं बैंक लिंकेज मेला

### महिला समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी

बिहान योजना के तहत गठित महिला समूह आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी बन चुके हैं। बैंक ऋण मिलने से ये समूह कृषि, पशुपालन, लघु उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, सिलाई-कढ़ाई तथा अन्य आय वर्धक गतिविधियों को विस्तार दे सकेंगे। इससे न केवल महिलाओं की आय बढ़ेगी बल्कि गांवों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### व्यवसायिक सपनों को नई उड़ान देने का बड़ा अवसर

प्रशासन को उम्मीद है कि यह ऋण मेला महिला स्व-सहायता समूहों की वित्तीय पहुंच बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। ग्रामीण महिलाओं के लिए यह आयोजन बैंकिंग सुविधाओं से सीधे जुड़ने और अपने व्यवसायिक सपनों को नई उड़ान देने का बड़ा अवसर। माना जा रहा है।

## पीएम धन-धान्य कृषि योजना में जशपुर मॉडल की हुई सराहना



**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत जशपुर जिले में किए जा रहे नवाचारों, कृषि विकास कार्यों एवं किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की भारत सरकार द्वारा सराहना की गई है। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव तथा प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के केंद्रीय नोडल अधिकारी पी अंबलगन (आईएएस) ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले की विस्तृत समीक्षा करते हुए जशपुर मॉडल को प्रभावी एवं किसान हितैषी बताया।

■ कृषकों की आय बढ़ाने, जल संरक्षण और खरीफ तैयारियों पर विशेष जोर

समीक्षा बैठक में वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों एवं वर्ष 2026-27 के लिए तैयार की गई कार्ययोजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। जिला प्रशासन द्वारा कृषि क्षेत्र के समग्र विकास और किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से तैयार की गई कार्ययोजना में सुगंधित एवं औषधीय फसलों के क्लस्टर विकास, संविदा खेती को बढ़ावा, जीराफूल धान के रकबे में विस्तार, निर्यात योग्य धान क्लस्टर निर्माण, सामुदायिक बीज बैंक की स्थापना, ड्रोन आधारित कृषि सेवाएं, कस्टम हायरिंग सेंटर, कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन तथा बेहतर विपणन व्यवस्था को प्रमुखता दी गई है। समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री रोहित व्यास, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक कुमार, उप संचालक कृषि श्री एम.आर. भगत सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे। बैठक में खरीफ सीजन 2026-27 की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में किसानों के लिए बीज एवं उर्वरकों के पर्याप्त भंडारण एवं वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। संभावित एल-नीनो परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए किसानों को अल्प अवधि वाली धान किस्मों के साथ-साथ मोटे अनाज, दलहन एवं तिलहन फसलों की खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि विपरीत मौसम की स्थिति में भी उत्पादन प्रभावित न हो। समीक्षा के दौरान जल संचय जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत जिले में संचालित जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन कार्यों की भी विस्तार से जानकारी दी गई। संयुक्त सचिव श्री अंबलगन ने विभिन्न विभागों के समन्वय से किए जा रहे जल संरक्षण कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास कृषि क्षेत्र को दीर्घकालिक मजबूती प्रदान करेंगे और किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता एवं ग्रामीण विकास विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। साथ ही किसान क्रेडिट ⏭ शेष पेज 4 पर

## एक कॉल में दर्ज होगी शिकायत

# यदि किसी समस्या का नहीं हो रहा समाधान, डायल करें 1076

**जशपुरनगर।** प्रदेशवासियों को उनकी समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने विगत दिवस मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली 1076 का शुभारंभ किया। अब प्रदेश का कोई भी नागरिक टोल फ्री नंबर 1076 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकेगा, सुझाव दे सकेगा तथा शासन की योजनाओं एवं सेवाओं के संबंध में अपना फीडबैक भी साझा कर सकेगा। शासन की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक की आवाज सुनी जाए और उसकी समस्या का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन को व्हाट्सएप प्लेटफॉर्म से भी जोड़ा गया है, जिससे नागरिक अपने मोबाइल के माध्यम से आसानी से शासन तक अपनी बात पहुंचा सकेंगे। हेल्पलाइन से राज्य शासन के 42 विभागों के लगभग 8 हजार अधिकारी जुड़े हुए हैं और 1195 से अधिक श्रेणियों में शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था की गई है। इस प्रणाली की विशेषता यह है कि प्रत्येक शिकायत को एक यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी, जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता अपने आवेदन की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकेगा। यदि किसी आवेदक को प्राप्त समाधान से संतोष नहीं होगा तो शिकायत स्वतः उच्च अधिकारियों के पास पुनः परीक्षण और जांच के लिए भेज दी जाएगी। इससे शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और जवाबदेह निराकरण को सुनिश्चित किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 चौबीसों घंटे और सप्ताह के सातों दिन संचालित रहेगी। इसके संचालन के लिए तीन पालियों में कर्मचारियों की तैनाती की गई है। सचिव स्तर के अधिकारी डैशबोर्ड के माध्यम से इसकी नियमित निगरानी करेंगे तथा मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा भी इसकी सतत मॉनिटरिंग की जाएगी।





■ फोन करके अपनी समस्याओं को सीधे पहुंचाए सरकार तक

### प्राथमिकता से लें शिकायतों को: कलेक्टर

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के शुभारंभ के बाद कलेक्टर रोहित व्यास ने जिले के सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का गंभीरता, संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध और संतोषजनक समाधान है। किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर उसका प्रभावी निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली राज्य के सभी विभागों को एकीकृत रूप से जोड़ने वाली आधुनिक व्यवस्था है। ब्लॉक स्तर से लेकर राज्य स्तर तक बहु-स्तरीय निगरानी और एस्केलेशन प्रणाली के माध्यम से शिकायतों के निराकरण की सतत समीक्षा की जाएगी। इससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी और नागरिकों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### जिला साहू संघ सरगुजा के नवीन पदाधिकारियों की नियुक्ति






**अम्बिकापुर।** जिला साहू संघ सरगुजा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी केके गुप्ता ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि प्रदेश साहू संघ की नियमावली के तहत जिला साहू संघ सरगुजा के संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन अधिकारी जिला साहू संघ कन्हैया गुप्ता द्वारा सर्वसम्मति से नवीन पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें सुरेश प्रसाद गुप्ता जिला अध्यक्ष, देवेन्द्र कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष, श्रीमती सरस्वती गुप्ता उपाध्यक्ष तथा श्रीमती रूपा गुप्ता को संगठन सचिव का दायित्व सौंपा गया है।

### सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा




**सीतापुर।** संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष आईबी तिवारी, वीरेन्द्र त्रिपाठी, बच्चू तिवारी, आचार्य दिनेश मिश्र, श्रीमती देवक त्रिपाठी एवं श्रीमती नीलम शर्मा की उपस्थिति में स्थानीय इकाई की बैठक हुई। बैठक में आसपास के क्षेत्र के सदस्य एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। बैठक में पदाधिकारियों ने संगठन की सभी इकाईयों की एकजुटता का अह्वान किया। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने संगठन का विस्तार गांव-गांव तक करने एवं सभी विप्रो को संगठन से जोड़ने का सुझाव दिया। इस दौरान संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा करने के साथ ही समाज की एकता, सक्रियता एवं आगामी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक उपरांत अतिथियों ने निर्माणाधीन परशुराम मंदिर स्थल का निरीक्षण किया निर्माण में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में रूपनारायण दुबे, श्याम नारायण दुबे, जगदीश शास्त्री सहित बड़ी संख्या में आसपास के क्षेत्रों से सदस्य उपस्थित थे।

### शक्ति केंद्र खोरमा में हुई भाजपा मंडल की मासिक बैठक



**प्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल प्रतापपुर शक्ति केंद्र खोरमां की नर्सरी में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल पूर्ण होने पर राष्ट्रीय नेतृत्व के तहत गांव चलो घर चलो अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम, विशेष जनसंपर्क अभियान, योग दिवस, स्वच्छता अभियान कार्यक्रम बूथ स्तर में करके शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना है। साथ ही क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के बारे में बताना है। कार्यक्रम में भाजपा के रीति नीति से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत गौडगावा एवं गणेशपुर के नवरत्न मरावी, शरबती मरावी, रंगबसोजी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान मुकेश अग्रवाल, लालती सिंह, गिरीश पटेल, मानती सिंह, अजीत शरण सिंह, अवधेश पांडे, लक्ष्मी गुप्ता एवं शक्ति केंद्र के प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक,कार्यकर्ता एवं सभी मोर्चा के अध्यक्ष एवं महामंत्री की उपस्थित थे।

### ओपीएस के देवेन्द्र एवं आर्यन को जापान से मिली ब्लैक बेल्ट की उपाधि



**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में कक्षा 9वीं के देवेन्द्र कुमार आ.बृजमोहन भगत एवं आर्यन चौबे आ.दुर्गा चौबे को विश्व समुराई महासंघ, जापान द्वारा ब्लैक बेलट की प्रथम डिग्री से सम्मानित किया गया है। इसके लिए 31 मई को आंध्रप्रदेश के गुन्टूर जिले में अखिल भारतीय समुराई महासंघ द्वारा अंतर्राजीय ब्लैक बेल्ट सेमिनार एवं परीक्षा का आयोजन किया गया था जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से 21 ब्लैक बेल्ट प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। आर्यन चौबे एवं देवेन्द्र कुमार विगत दो वर्षों से ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल प्रांगण में विद्यालय के व्यायाम शिक्षक व अखिल भारतीय समुराई महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार बर्णवाल से प्रशिक्षण ले रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ.आईए खान सूरी ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

### न टंकी, न सेप्टिक टैंक और न ही है पानी की व्यवस्था

# ग्राम पंचायत दुलदुली का सामुदायिक शौचालय बना शो पीस, लोगों को नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य गांवों को स्वच्छ, स्वस्थ और खुले में शौच मुक्त बनाना है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन कई स्थानों पर योजनाएं केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई हैं। ग्राम पंचायत दुलदुली में लाखो की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण तो किया गया लेकिन देख रेख के अभाव में शो पीस बनकर रह गया है। शौचालय में न टंकी, न सेप्टिक टैंक, न पानी की व्यवस्था की व्यवस्था है जिससे ग्रामीण खुले में जाने को मजबूर है। ग्रामीणों ने सामुदायिक शौचालय की मरम्मत कराने की मांग की है जिससे गांव के लोग शौचालय का उपयोग कर सके।

**खास बात**

- दो साल पहले 3 लाख 50 हजार की लागत से कराया गया था निर्माण

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायतों में सामुयिक शौचालय का निर्माण कराया गया है। इसी तारतम्य में जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत सभी ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालय का निर्माण प्रत्येक ग्राम पंचायतों में 3 लाख 50 हजार रुपए की लागत से किया गया है। विकास खंड में जहां करोड़ों रुपए की लागत से शौचालय निर्माण किया गया है। हैरानी की बात है कि शौचालय का निर्माण तो करा दिया गया है परंतु शौचालय में न तो पानी का व्यवस्था है न टंकी लगाया गया है जिससे लाखों की लागत से निर्माण कराया गया शौचालय शो पीस बन कर ग्राम पंचायत का शोभा बढ़ा रही है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत दुलदुला की है जहां स्वच्छ भारत मिशन के तहत करीब 3.50 लाख रुपये की लागत से बना सामुदायिक शौचालय ग्रामीणों के लिए अब तक बेकार साबित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लगभग दो वर्ष पूर्व प्रचार-प्रसार के साथ सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था, लेकिन निर्माण के बाद से ही यह सुविधा बदहाल और अनुपयोगी बनी हुई है। स्थिति इतनी खराब है कि जिस शौचालय को ग्रामीणों की सुविधा के लिए बनाया गया था, वह आज लापरवाही की भेंट चढ़ गई है।



अनुपयोगी सामुदायिक शौचालय।

**ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी**

ग्राम पंचायत दुलदुला में सामुदायिक शौचालय की आवश्यकता गांव सहित राहगीरों को पड़ती है परंतु सामुदायिक शौचालय में कोई सुविधा नहीं होने से लोगों को सामुदायिक शौचालय का लाभ नहीं मिल रहा है और लोग खुले में जाने को मजबूर होते है। इस तरह की स्थिति विकासखंड के कई ग्राम पंचायत की है जहां सामुदायिक शौचालय की हालत एक जैसी है। ऐसे में गांव के लोगों को सामुदायिक शौचालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**बिना उपयोग हो गई जर्जर**

विकास खंड के कई ग्राम पंचायत ऐसे है जहां सामुदायिक शौचालय निर्माण होने के बाद से ताला लटका हुआ है। ऐसे में देखरेख व समय पर मरम्मत नहीं होने से सामुदायिक शौचालय भी पूरी तरह जर्जर होने की स्थिति में पहुच गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब भी आला अधिकारी निरीक्षण के लिए आते हैं तो उन्हें सिर्फ सड़क के किनारे बने शौचालय दिखा दिया जाता है जबकि अन्य पंचायत की जमीनी हकीकत कुछ और है। ग्रामीणों की मांग है कि लाखो की लागत से बने शौचालयों की मरम्मत और देखरेख की व्यवस्था के साथ साफ-सफाई और पानी की सुविधा सुनिश्चित की जाने की मांग की है ताकि लोग खुले में शौच जाने को मजबूर न हों।

**टंकी गायब, सेप्टिक टैंक का पता नहीं**

ग्रामीणों के अनुसार शौचालय में पानी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं की गई। भवन की छत पर पानी की टंकी तो लगाई गई थी, लेकिन उसमें पानी पहुंचाने के लिए न पाइपलाइन डाली गई और न ही किसी अन्य जल स्रोत से कनेक्शन किया गया। हैरानी की बात यह है कि अब वह टंकी भी गायब हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि शौचालय परिसर में सेप्टिक टैंक की व्यवस्था भी दिखाई नहीं देती। ऐसे में शौचालय निर्माण को किस तकनीकी स्वीकृति और मानक के आधार पर पूरा माना गया यह समझ से परे है।

**कराई जाएगी जांच**

ग्राम पंचायत ढुलढुला स्थित सामुदायिक शौचालय में कोई सुविधा नहीं है और उपयोग हीन हो गया है तो इसकी जांच कराई जाएगी। साथ ही पंचायत सचिव को कारण बताओं नोटिस जारी किया जाएगा।

-अनिल तिवारी
जनपद सीईओ प्रतापपुर



## शंकरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला मुक्तांजलि वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

शंकरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक भी मुक्ताजंलि वाहन की सुविधा नहीं होने से शव ले जाने परिजन को हो रही परेशानी के मद्देजनजर कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी की संवेदनशीलता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता से जिले के सुदूर वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की लंबे समय से चली आ रही महत्वपूर्ण मांग पूरी हो गई है। विकासखंड शंकरगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 1099 मुक्तांजलि शव वाहन की स्थायी सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। इससे अब दुख और संकट की घड़ी में शोकाकुल परिवारों को पार्थिव देह को गृह ग्राम तक ले जाने के लिए परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

- शोक की घड़ी में अब मृतक के परिजन को नहीं होगी परेशानियां

गौरतलब है कि सामरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शंकरगढ़, कुसमी और राजपुर विकासखंड के शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में अब तक शव वाहन की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। सुदूर वनांचल और भौगोलिक दृष्टि से दुर्गम इन क्षेत्रों में किसी अप्रिय घटना या मृत्यु होने की स्थिति में मृतक के परिजन को शव को घर तक पहुंचाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कई बार जिला मुख्यालय से शव वाहन पहुंचने में लंबा समय लग जाता था, जिससे शोक संतप्त परिवारों को परेशानियां होती थी। क्षेत्र के लोगों द्वारा लंबे समय से की जा रही मांग को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने स्थायी समाधान के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ में 1099 मुक्तांजलि शव वाहन उपलब्ध कराई गई है, जिससे अब क्षेत्र के लोगों को समय पर और निःशुल्क शव वाहन सेवा मिल सकेगी। शंकरगढ़ में मुक्तांजलि वाहन की उपलब्धता से न केवल शंकरगढ़ विकासखंड, बल्कि समीपवर्ती विकासखंड राजपुर और कुसमी के ग्रामीणों को भी लाभ मिलेगा। कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं और समस्याओं का त्वरित समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अब मुक्तांजलि वाहन की उपलब्धता से दुख की घड़ी में प्रभावित परिजन को त्वरित सहायता मिल सकेगी।

## लोहे की प्रोटेक्टिव स्क्रीन टूटकर ओएचई तार पर गिरने के बाद अलर्ट पर रेलवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अंबिकापुर–अनूपपुर रेलखंड पर शनिवार शाम मोरभंज ओवरब्रिज के ऊपर लगी ओएचई प्रोटेक्टिव स्क्रीन (लोहे की जाली) टूटकर ओवरहेड विद्युत तार पर गिर जाने की घटना के बाद रेलवे प्रशासन सतर्क हो गया है। घटना के चलते इस रेलमार्ग पर कई घंटों तक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहा और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

- सभी ओवरब्रिज पर जंग लगी लोहे की जाली की अधिकारी करेंगे जांच

जानकारी के अनुसार अंबिकापुर स्टेशन से लगभग दो किलोमीटर आगे मोरभंज ओवरब्रिज के ऊपर लगी सुरक्षा जाली अचानक टूटकर ओएचई तार पर गिर गई। इससे विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई और रेल यातायात प्रभावित हो गया। घटना के कारण अंबिकापुर–दुर्ग एक्सप्रेस करीब ढाई घंटे तक अंबिकापुर स्टेशन पर खड़ी रही, जबकि जबलपुर–अंबिकापुर ट्रेन कमलपुर स्टेशन पर रोकनी पड़ी। मरम्मत और सुधार कार्य पूरा होने के बाद लाइन क्लियर मिलने पर ट्रेनों का परिचालन बहाल किया गया। अंबिकापुर–दुर्ग ट्रेन, जो रात 10:30 बजे रवाना होनी थी, उसे करीब रात 1 बजे रवाना किया गया। वहीं जबलपुर–अंबिकापुर ट्रेन भी निर्धारित समय से काफी विलंब से रात करीब 1:20 बजे अंबिकापुर पहुंची। घटना को रेलवे प्रबंधन ने गंभीरता से लिया है। सूत्रों के अनुसार मामले की जांच के लिए संबंधित विभाग के करीब आधा दर्जन अधिकारी एवं कर्मचारियों को पूछताछ हेतु बिलासपुर स्थित मुख्यालय तलब किया गया है। वरिष्ठ मंडलीय सुरक्षा अधिकारी (सीनियर डीएसओ) द्वारा पूरे मामले की समीक्षा की जा रही है। बताया जाता है कि ओवरब्रिजों पर लगाई जाने वाली प्रोटेक्टिव स्क्रीन का उद्देश्य ओएचई तारों को बाहरी क्षति से बचाना होता है। संबंधित स्क्रीन वर्ष 2006-07 में रेल लाइन निर्माण के दौरान लगाई गई थी। आशंका जताई जा रही है कि वर्षों से रखरखाव नहीं होने के कारण जंग लगने से स्क्रीन को सहारा देने वाला एंगल कमजोर हो गया और उसके टूटने से भारी लोहे की जाली ओएचई तार पर गिर गई। हालांकि घटना के पीछे अन्य कारणों की भी जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरब्रिज के आसपास का क्षेत्र अक्सर असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों का अड्डा बना रहता है। ऐसे में शरारत अथवा मानवीय हस्तक्षेप की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय युवकों ने दावा किया है कि उन्होंने पूर्व में भी जंग लगी जाली को लेकर रेलवे अधिकारियों को आगाह किया गया था और इसके कभी भी टूटकर गिरने की आशंका जताई थी। इसके बावजूद समय रहते आवश्यक मरम्मत नहीं कराई गई। अब इस घटना के बाद रेलवे प्रशासन ने रेलखंड के सभी ओवरब्रिजों पर लगी जंग लगी एवं पुरानी प्रोटेक्टिव स्क्रीन की जांच कराने का निर्णय लिया है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## जनदर्शन में संवेदनशीलता की दिखी झलक बुजुर्ग को मौके पर ही मिला श्रवण यंत्र

**सूरजपुर।** कलेक्टर जनदर्शन में संवेदनशील प्रशासन की एक झलक देखने को मिली, जब सुनने की समस्या से जूझ रहे एक बुजुर्ग को मौके पर ही श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया गया। 81 वर्षीय बुजुर्ग मकल राम डनसेना सुनने की समस्या को लेकर अपना आवेदन लेकर कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे थे। विगत 6 से 7 वर्षों से उन्हें सुनने में कठिनाई हो रही थी, जिसके चलते उन्हें सामान्य कार्यों एवं रोजमर्रा के व्यवहार में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

- कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने स्वयं पहनाया श्रवण यंत्र, पूछा परिवार का हाल–चाल

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने बुजुर्ग की समस्या को प्राथमिकता देते हुए तत्काल समाज कल्याण विभाग के उप संचालक आलोक भवाल को आवेदक को श्रवण यंत्र मुहैया कराने के निर्देश दिए। उप संचालक द्वारा इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जनदर्शन की मध्य अवधि में ही बुजुर्ग को श्रवण यंत्र प्रदान कर दिया गया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती जमील ने स्वयं बुजुर्ग को श्रवण यंत्र पहनाया तथा उनके परिवार का हाल-चाल पूछा। साथ ही उन्होंने श्रवण यंत्र के सही ढंग से कार्य करने की भी जांच की, ताकि बुजुर्ग को किसी प्रकार की असुविधा न हो। श्रवण यंत्र मिलने पर बुजुर्ग मकल राम डनसेना ने कहा कि वर्षो से सुनने की समस्या के कारण अपने परिवार और आसपास के लोगों से ठीक से बात तक नहीं कर पाता था। आज कलेक्टर मैडम ने मेरी बात सुनकर मौके पर ही श्रवण यंत्र दिलवा दिया, इतना ही नहीं स्वयं अपने हाथों से पहनाया। अब मैं फिर से सब कुछ सुन पा रहा हूँ। जनदर्शन में कुल 110 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर निर्धारित समय-सीमा में अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में टीकाकरण अभियान

राजपुर। कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार तथा सीएमएचओ डॉ. विजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश जायसवाल के नेतृत्व में विकासखंड के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एचपीवी टीकाकरण महाअभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने एक दिन में 304 किशोरी बालिकाओं का टीकाकरण कर नया रिकॉर्ड स्थापित किया। जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर में 131, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरियों में 59, रेवतपुर में 80, गोपालपुर में 22 तथा आरा में 12 किशोरी बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर में टीकाकरण के बाद किशोरियों एवं उनके परिजन को एचपीवी वैक्सीन के लाभों की जानकारी दी गई।

## खनिज विभाग ने किए 5 ट्रैक्टर जब्त रेत के तीन अवैध डिपो सील

**सीतापुर।** मांड नदी में अवैध रेत खनन एवं परिवहन को लेकर हरिभूमि में प्रकाशित खबर का असर हुआ है। खबर प्रकाशन के बाद खनिज विभाग ने कार्रवाई करते हुए पांच ट्रैक्टर को जब्त किया है साथ ही रेत के तीन अवैध डिपो सील कर दिया है। खनिज विभाग की इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

विदित हो कि बीते दिनों रेत का अवैध खनन एवं परिवहन की वजह से बदला मांड नदी का स्वरूप नामक शीर्षक से हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। इस समाचार में क्षेत्र की जीवनदायिनी मांड नदी के भूतकाल और वर्तमान स्थिति पर विस्तार से प्रकाश डाला गया था। इसके अलावा रेत माफियाओं द्वारा बिना अनुमति मांड में अवैध रेत खनन एवं परिवहन एवं खनिज विभाग



द्वारा की जाने वाली कार्रवाई का भी उल्लेख किया गया था। हरिभूमि में प्रमुखता से समाचार प्रकाशन के बाद खनिज विभाग हरकत में आया और अवैध रेत खनन एवं परिवहन में लिप्त पांच ट्रैक्टर जब्त किया। इसके अलावा अवैध रेत भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए भवराडांड़ में दो रेत एवं प्रतापगढ़ में संचालित एक रेत डिपो को सील कर दिया गया। खनिज विभाग द्वारा की गई कार्रवाई से रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

## डॉक्टर के सूने मकान से नकद, सीसीटीवी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

थाना क्षेत्र में सोमवार को कुमदा कॉलोनी में शिक्षिका श्रीमती कृष्णा नायक के साथ हुई लुट की घटना के बाद बीती रात अज्ञात चोरों ने एसईसीएल के एकता स्टेडियम के समीप आफिसर्स कॉलोनी के बंद पड़े आवास क्रमांक टू सी 4 में घुसकर चोरी कर ली है, प्राप्त जानकारी अनुसार सेंट्रल हॉस्पिटल में पदस्थ डेंटिस्ट डॉ सत्यपाल जोलहे के सुने आवास का ताला तोड़ भीतर प्रवेश कर अज्ञात बदमाशों ने गुल्लक में रखे कुछ नगदी रकम सहित सीसी टीवी का डीबीआर अपने साथ ले गए हैं।

- विभागीय मीटिंग में सपरिवार बिलासपुर गए हुए थे, चोरों का गिरोह बंद पड़े आवासों की सटीक रेकी कर चोरी की घटना को दे रहा अंजाम

बताया गया कि चिकित्सक विभागीय मीटिंग में सपरिवार बिलासपुर गए हुए थे जहाँ उनका घर भी है।मीटिंग के साथ परिवार को परिजनों से मिलाने के नाम पर वह अपने कंपनी आवास में ताला बंद कर गए हुए थे।सोमवार की रात क्षेत्र में सक्रिय चोर गिरोह के सदस्यों ने आवास की रेकी कर घर के दरवाजे का ताला तोड़ भीतर प्रवेश कर पूरे सामान को आराम से खंगाला, इस दौरान गुल्लक और अलमारी में रखे करीब आठ से दस हजार रुपये नगदी रकम सहित घर में लगा सीसी टीवी कैमरे का डीबीआर मशीन अपने साथ ले गए हैं।अगली सुबह जब अगल बगल के पड़ोसियों ने जब उनके घर को खुला देखा पाया तो उन्हें सूचना दी,बताया गया कि डेंटिस्ट आज मंगलवार को वापस लौट आए हैं,घटना की सूचना बिश्रामपुर पुलिस को दे दी गई है।पुलिस आसपास लगे सीसी टीवी फुटेज को खंगाल रही है,साथ ही क्षेत्र के संदिग्ध प्रवृति के बदमाशों को पकड़ उनसे जरूरी पूछताछ कर रही है।

**कुम्दा कॉलोनी स्थित उठाईगिरी का नहीं लगा सुराग**

एक दिन पूर्व ही सोमवार को कुमदा कॉलोनी निवासी जयनगर हाई स्कूल की व्याख्याता श्रीमती कृष्णा नायक जो एटीएम से पैसे निकाल बिश्रामपुर बाजार आने पैदल ऑटो स्टैंड जा रही थी तभी अज्ञात बाइक सवार गमछा से मुंह ढके युवक ने उनके हाथ से पर्स लूट भाग निकला था जिसमें नगदी रकम पांच हजार सहित एटीएम,कार्ड ,चेक बुक सहित मोबाइल रखा था।घटना के बाद सूचना पर पुलिस सक्रिय हो आरोपियों की पता तलाश में जुटी है लेकिन अब तक चोरों का पता नहीं चल सका है।पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## धान भुगतान और फर्जी केसीसी ऋण मामले को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

क्षेत्र के किसानों ने धान बिक्री की बकाया राशि के भुगतान तथा कथित फर्जी किसान क्रेडिट कार्ड ऋण प्रकरण को समाप्त करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री के नाम कांग्रेस नेता नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में एसडीएम को प्रेषित किया गया।

सौंपे गए ज्ञापन में किसानों ने आरोप लगाया है कि उनकी धान बिक्री की राशि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित अंबिकापुर की रामानुजगंज एवं रामचंद्रपुर शाखाओं में जमा है, लेकिन बैंक प्रबंधन द्वारा किसानों के नाम पर केसीसी ऋण बकाया होने का हवाला देकर खातों को होल्ड कर भुगतान रोक दिया गया है।



किसानों का कहना है कि संबंधित आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों द्वारा उन्हें लिखित प्रमाण-पत्र जारी किया गया है, जिसमें स्पष्ट उल्लेख है कि संबंधित किसानों को समिति स्तर से किसी प्रकार का नगद अथवा वस्तु ऋण प्रदान नहीं किया गया है। किसानों ने आरोप लगाया कि बिना उनकी जानकारी के उनके नाम पर केसीसी ऋण स्वीकृत किया गया और बैंक अधिकारियों तथा कर्मचारियों की मिलीभगत से ऋण राशि का आहरण भी कर लिया गया। पीड़ित किसानों ने बताया कि वे इस मामले की शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों से कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि धान बिक्री की रोकी गई राशि का तत्काल भुगतान कराया जाए तथा उनके नाम पर दर्ज कथित फर्जी केसीसी ऋण प्रकरण को समाप्त किया जाए। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि 16 जून तक उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो क्षेत्र के किसान उग्र आंदोलन एवं अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

## कलेक्टर के संज्ञान में आते ही एमएलसी एवं पोस्टमार्टम कार्यों के लिए की गई त्वरित व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरियों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रघुनाथनगर में मेडिको-लीगल केस (एमएलसी) एवं पोस्टमार्टम कार्यों के संचालन में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों का मामला कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के संज्ञान में आने पर उन्होंने तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दोनों स्वास्थ्य संस्थानों में एमएलसी एवं पोस्टमार्टम से संबंधित शासकीय एवं आपातकालीन कार्यों के सुचारू संचालन हेतु चिकित्सकों की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

- बरियों एवं रघुनाथनगर में चिकित्सकों की ड्यूटी निर्धारित

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि आपातकालीन एवं संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। नागरिकों को समय पर आवश्यक चिकित्सा एवं कानूनी प्रक्रियाओं से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से संबंधित स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जारी आदेश के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरियों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक गुप्ता को प्रत्येक सप्ताह सोमवार, बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार तथा डॉ. आलोक मिश्रा को प्रत्येक सप्ताह मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार के लिए ऑन-कॉल ड्यूटी सौंपी गई है। इसी प्रकार 100 बिस्तरीय अस्पताल वाड्रफनगर में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनीर सचान को आगामी आदेश तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रघुनाथनगर में कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है।



# धमाल 4 का पोस्टर जारी, अजय की पीठ पर बेताल की तरह संजय

**मुंबई।** लोकप्रिय और सफल कॉमेडी फिल्म 'धमाल' फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म धमाल 4 का पोस्टर जारी हो गया है जिसमें पागलपन भरे मनोरंजन की झलक अभी से साफ दिखने लगी है। फिल्म में अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी के अलावा ढेर सारे कलाकार हैं। फिल्म 'धमाल 4' सिनेमाघरों में उम्मीद से पहले रिलीज हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्ममेकर्स ने इसकी रिलीज डेट एक हफ्ते पहले करने का फैसला किया है। पहले यह फिल्म 17 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। अब इसे 10 जुलाई को रिलीज करने की प्लानिंग है। कहा जा रहा है कि 'अल्फा' 3 जुलाई को रिलीज हो रही है इसलिए 10 जुलाई का स्लॉट खाली है।

## लाइफ Style

# जान्हवी

## पेद्दी से हटाए गए बोल्ड रोमांटिक सीन

फिल्म 'पेद्दी' 04 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में जान्हवी कपूर और राम चरण लीड रोल में हैं। हालांकि, फिल्म में जान्हवी के सीन को लेकर काफी आलोचना हुई हैं। इसके बाद उनके बोल्ड सीन फिल्म से हटा लिए गए हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राम चरण और जान्हवी कपूर की फिल्म 'पेद्दी' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस फिल्म की तारीफ हो रही हैं। मगर, साथ ही आलोचनाएं भी हो रही हैं। फिल्म में जान्हवी कपूर को जिस तरह दिखाया गया है, उस पर विवाद शुरू हो गया। 'पेद्दी' में अभिनेत्री के कुछ गैर-जरूरी और बेहद बोल्ड सीन हैं। इसे लेकर सोशल मीडिया पर निर्देशक और मेकर्स को ट्रोल किया गया। निर्देशक बुची बाबू सना ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि जान्हवी कपूर के रोल को लेकर हुई आलोचना के बाद उन्होंने आखिरकार 'पेद्दी' से विवादित सीन हटा दिए हैं।

यह कदम उन शॉट्स और रोमांटिक सीन पर आपत्तियों के बाद उठाया गया, जिन्हें महिलाओं के प्रति अपमानजनक माना गया था। निर्देशक ने कहा कि जान्हवी कपूर को बहुत ज्यादा बोल्ड दिखाने वाले हिस्सों पर सोशल मीडिया पर हुए हंगामे के बाद उन्होंने 'पेद्दी' से कुछ सीन हटा दिए हैं। निर्देशक बुची बाबू ने 'इंडियन एक्सप्रेस' के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि जान्हवी वाले कुछ सीन को लेकर गलतफहमी बढ़ गई थी। जान्हवी के किरदार 'अचियम्मा' को कई लोगों ने गलत समझा। दर्शकों ने 'अचियम्मा' के किरदार को लिखे जाने के तरीके पर सवाल उठाए थे।



## हॉलीवुड मसाला



# नोलन की फिल्म के टिकट की कीमत ₹3300

**लॉस एंजिल्स।** इंटरस्टेलर, ओपेनहाइमर और इंसेप्शन' फेम दिग्गज डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन अपने अब तक के सबसे बड़े प्रोजेक्ट 'द ओडिसी' के साथ वापस आ रहे हैं। उनकी यह फिल्म 17 जून को दुनियाभर में रिलीज होने वाली है। वहीं, फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू होते ही इसके टिकट की कीमत ने हर किसी को दंग कर दिया है। देश के अलग-अलग शहरों में आईमैक्स शोज के लिए अलग-अलग टिकट प्राइस रखी गई है। सबसे हैरान कर देने वाली बात यह है कि मुंबई और पुणे में आईमैक्स स्क्रीन्स की प्रीमियम सीटों के लिए एक टिकट की कीमत 3,300 रुपए तक रखी गई है।




# कैटी और जस्टिन ट्रिबेका फेस्टिवल में साथ हुए शामिल

**लॉस एंजिल्स।** ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में सिंगर कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ने रेड कारपेट पर साथ में शिरकत की। यह फिल्म फेस्टिवल न्यूयॉर्क में हो रहा है। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो एक-दूसरे का हाथ थामे इस इवेंट में दिखे। पैपराजी को उन्होंने रोमांटिक अंदाज में फोटो पोज भी दिए। एक-दूसरे के इश्क में दोनों पूरी तरह से रंगे दिखाई दिए। ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में कैटी पेरी की नई डॉक्यूमेंट्री 'कैटी पेरी: द लाइफटाइम्स टूर लाइव फ्रॉम पेरिस' का प्रीमियर हुआ। बॉयफ्रेंड जस्टिन ट्रूडो कैटी पेरी को सपोर्ट करने इस इवेंट में पहुंचे थे। इस मौके पर दोनों का रोमांस भी फैंस को देखने को मिला। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो के अफेयर की खबरें साल 2025 में उड़ी थीं। समर वेकेशन में दोनों को पहली बार साथ देखा गया था। आगे चलकर कैटी पेरी ने जस्टिन ट्रूडो के साथ कुछ फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए।



# श्रद्धा ने प्रोफेशनल लुक में शेयर कीं फोटोज


**मुंबई।** मंगलवार को श्रद्धा कपूर ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। वे ऑफिस में बैठी हैं। प्रोफेशनल लुक में तस्वीरें पोस्ट करते हुए श्रद्धा ने कैप्शन लिखा है, 'ऑफिस वाले अटेंडेंस लगाओ'। इसके बाद अभिनेत्री के इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। साथ ही मजेदार सवाल भी कर रहे हैं, जिनमें से कुछ का श्रद्धा कपूर ने भी जवाब दिया है। श्रद्धा कपूर के पोस्ट पर यूजर के ढेरों कमेंट आए हैं। तस्वीरों में श्रद्धा का पालतू कुत्ता भी है। इस पर एक यूजर ने लिखा, 'वह डॉग कितना किस्मत वाला है'। इस पर श्रद्धा ने लिखा, 'मैं लकी हूं उसे पाकर'। एक यूजर ने पूछा, 'दाल चावल खाकर सोने वाले क्या करें'? इस पर श्रद्धा ने लिखा है, 'उनके लिए रिटायरमेंट योजना है'। इसी तरह एक यूजर ने लिखा, 'कंस्ट्रक्शन साइट से अटेंडेंस लगाई है'।



# प्रहार-द उज्ज्वल... की रिलीज डेट जारी

**मुंबई।** फिल्म प्रहार- द उज्ज्वल निकम स्टोरी' इस साल अगस्त में रिलीज होगी। ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श ने मंगलवार को एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'दिनेश विजन और राजकुमार राव एक बार फिर साथ आ रहे हैं। फिल्म 'प्रहार - द उज्ज्वल निकम स्टोरी' की रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है। यह फिल्म 7 अगस्त को रिलीज होगी। मैडॉक फिल्म की 'प्रहार' में राजकुमार राव के अलावा वामिका गब्बी, सिकंदर खेर और जयदीप अहलावत जैसे सितारे भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान अविनाश अरुण संभालेंगे। बता दें कि 'प्रहार' एक बायोग्राफिकल फिल्म है। यह फिल्म देश के सबसे प्रसिद्ध वकीलों में से एक उज्ज्वल निकम के जीवन से प्रेरित है।

## टीवी मसाला



# टीवी पर नहीं लौटूंगा, बंधना नहीं चाहता : राकेश बेदी

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में तारक मेहता के बॉस का किरदार निभाने वाले दिग्गज अभिनेता राकेश बेदी ने हाल ही में असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। एक्टर ने यह भी बताया कि वह टीवी पर रेगुलर रोल्स क्यों नहीं करना चाहते। एक बातचीत में राकेश ने कहा कि वह टीवी कॉन्ट्रैक्ट से बंधे नहीं रहना चाहते और 'तारक मेहता' में कम भुगतान मिलने के बारे में मजाकिया अंदाज़ में बात की। असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'दोस्ती आपसी सम्मान और तारीफ पर टिकती है। वरना यह टिकती नहीं, खासकर हमारी इंडस्ट्री में जहां हर कोई प्रोफेशनल है और लगातार आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है। लोग अक्सर गलाकाट कॉम्पटिशन की बात करते हैं, लेकिन मैं इसमें विश्वास नहीं करता। मुझे लगता है कि मेरी प्रतिस्पर्धा सिर्फ खुद से है। मैं हमेशा पहले से बेहतर बनने की कोशिश करता हूं।' हमारी दोस्ती की बात करें तो हम सभी इसलिए जुड़े हुए हैं, क्योंकि असित ने इस शो को बनाया और हमने इसे एक टीम के रूप में मिलकर आगे बढ़ाया। दरअसल, असित और मैंने तारक मेहता से पहले हम सब एक हैं में साथ काम किया था। एक्टर ने असित मोदी पर अपने भरोसे के बारे में भी बात की और 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में कम कमाई करने को लेकर मजाकिया अंदाज़ में कहा, 'जब भी असित को मेरी जरूरत होती है, मैं उनसे अपने रोल के बारे में कभी सवाल नहीं करता, क्योंकि मुझे पता है कि वो मुझे एक अच्छा किरदार देंगे और मेरे लिए अच्छे सीन लिखेंगे। मैं उनसे पैसों के बारे में भी कभी नहीं पूछता।

## बिना फेक ड्रामे के शो चलेगा?

**नई दिल्ली।** टीवी पर सीता, राधा और लक्ष्मी जैसे किरदार निभाकर पहचान बनाने वाली शिव्या पठानिया जल्द रियलिटी शो 'स्पेक्ट्रा' में नजर आएंगी।



दिलचस्प बात यह है कि जिस दौर में रियलिटी शो की पहचान लड़ाई, विवाद और कंट्रोवर्सी से बनती है... उसी दौर में शिव्या ऐसे शो का हिस्सा बनी हैं, जहां इनमें से कुछ भी नहीं है। हालांकि, शुरुआत में उन्हें खुद भी शक था कि बिना फेक ड्रामे के कोई शो ऑडियंस को बांध पाएगा या नहीं। शिव्या ने कहा, 'सच कहूं तो शुरुआत में हमें भी यही लगता था कि बिना फाइट्स और फेक ड्रामे के क्या शो लोगों को एंटरटेन कर पाएगा? क्योंकि आजकल हर जगह वही देखने को मिलता है। लेकिन, जब हमने इस जर्नी को करीब से जिया तो महसूस हुआ कि लोगों को सिर्फ शोर नहीं चाहिए। लोग असली इमोशंस भी देखना चाहते हैं। कलाकारों की मेहनत, उनकी परेशानियां, उनके रिश्ते और उनके स्ट्रगल भी उतने ही दिलचस्प हो सकते हैं। वैसे, हर चीज को वायरल बनाने के लिए विवाद जरूरी नहीं होता।

# नए घर की बालकनी पर खड़े दिखे दीपिका और रणवीर...

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। इनका परिवार बढ़ेगा, ऐसे में बॉलीवुड का यह कपल अपने लिए नया घर बनवा रहा है। हाल ही में अपने नए घर को देखने के लिए दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह पहुंचे। इस मौके पर दीपिका का बेबी बंप साफ नजर आया। कपल की सोशल मीडिया पर यह वीडियो और कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, इन पर फैंस भी खूब प्यार लुटा रहे हैं। एक वायरल पोस्ट और वीडियो में दीपिका और रणवीर अपने नए घर की बालकनी पर खड़े नजर आ रहे हैं। दीपिका ने व्हाइट शर्ट और पैंट पहनी है। उनका बेबी बंप भी साफ नजर आ रहा है। प्रेग्नेंसी ग्लो दीपिका के चेहरे पर साफ नजर आने लगा है। दीपिका को घर दिखाते हुए रणवीर सिंह काफी उत्साहित दिख रहे थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं, यह खुशखबरी कपल ने अप्रैल महीने में फैंस के



साथ शेयर की थी। इससे पहले उनकी एक बेटी दुआ है, वह लगभग दो साल की होने वाली है। हालिया सामने आए वीडियो में दीपिका का बेबी बंप भी साफ नजर आने लगा है। फैंस एक्ट्रेस पर खूब प्यार लुटा रहे हैं, सोशल मीडिया पर रिएक्शन दे रहे हैं। दीपिका पादुकोण शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' और अल्लू अर्जुन की फिल्म 'राका' कर रही हैं।

# ऋषिकेश में स्कूटी पर गमछे में चेहरा छिपाकर निकलीं रवीना, जानकी पुल पर लगाने लगीं जयकारे

**नई दिल्ली।** रवीना टंडन हाल ही में ऋषिकेश पहुंचीं, जहां पीले रंग के गमछे से मुंह छिपाकर पहले तो स्कूटी पर बैठीं। साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और 'हर हर महादेव' के जयकारे लगाने लगीं। रवीना टंडन इन दिनों आध्यात्मिक रंग में रंगी दिख रही हैं। एक्ट्रेस ऋषिकेश पहुंचीं, जहां भक्ति का रंग उनपर खूब चढ़ा दिखा। ऋषिकेश की गलियों में रवीना साड़ी में स्कूटी पर नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपना चेहरा पीले रंग के गमछे से छिपा रखा था। यहां स्कूटी से जानकी सेतू पार करती हुई रवीना परमार्थ निकेतन पहुंचीं। बताया जा रहा है कि रवीना यहां अपने दो दिनों की आध्यात्मिक यात्रा पर पहुंची थीं, जिसकी कुछ झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर भी शेयर कर रखी थीं। हालांकि, इस वक्त उनके उस वीडियो की चर्चा है जिसमें वो जानकी सेतू स्कूटी से पार करते हुए हर हर महादेव



के जयकारे लगा रही हैं। रवीना पहले अपना चेहरा गमछे से छिपाकर स्कूटी पर बैठीं। गमछे पर जय गोमाता जय गोपाल लिखा था। हालांकि, साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, उन्हें कुछ लोगों ने पहचान लिया और वे उनके पीछे चलने लगे। जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और दोनों हाथों को ऊपर कर महादेव के लिए जयकारे लगाने लगीं। एक्ट्रेस का ये सादा और भक्ति वाला रंग देख वहां मौजूद लोगों को ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर भी सबको काफी अच्छा लग रहा है। उन्हें वहां इस अंदाज में देखकर कई लोकल लोगों और टूरिस्ट ने उन्हें अपने मोबाइल में कैप्चर कर लिया। रवीना सीधे परमार्थ निकेतन पहुंचीं जहां उन्होंने कथा सुनी।

## मामा के सवाल पर छलके थे 12 साल के जतिन के आंसू

# राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था, राजकुमार की तरह पाला

*नई दिल्ली। राजेश खन्ना को बहुत छोटी सी उम्र में उनके माता-पिता ने किसी और को गोद दे दिया था। ऐसा करने के पीछे एक बड़ी और खास वजह थी। हालांकि, राजेश खन्ना को बचपन में ही गोद लिए माता-पिता ने किसी राजकुमार की तरह पाला था, लेकिन एक दिन उन्हें तब धक्का लगा, जब उनके मामा ने उनसे कुछ ऐसी बातें कही कि वो रोते हुए अपनी मां के पास पहुंचे थे।*

### अंकल-आंटी ने लिया था गोद

राजेश खन्ना को बचपन में ही उनके अंकल आंटी ने गोद ले लिया था। बचपन में लोग उन्हें जतिन खन्ना के नाम से जानते थे। ये बात कम ही लोग जानते हैं कि उन्हें उनके चाचा-चाची ने गोद ले लिया था। इसके पीछे भी एक इमोशनल कहानी है जिसके बारे में एक्टर कभी बात करना पसंद भी नहीं करते थे। बताया जाता है कि जतिन के माता-पिता से चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना ने उन्हें छोटी उम्र में ही उन्हें गोद ले लिया था। दरअसल, खन्ना की असली मां ने उनके जन्म से पहले ही अपने बच्चे को अपनी भाभी को सौंपने का वादा कर दिया था।

### गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे

राजेश खन्ना इस फैक्ट्स के बारे में बात करने से हमेशा बचने की कोशिश करते थे। एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने अपने बचपन में गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे। खन्ना अक्सर जब भी प्रेस से बातें करते थे अपने बचपन के बारे में बात करते समय अलग-अलग किस्से सुनाया करते थे।



### दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे

हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स ये भी बताते हैं कि जीवन से जुड़े इस राज ने जतिन के दिल और दिमाग पर गहरा असर डाला था। कहते हैं कि उन्हें उनकी मां लीलावती ने किसी राजकुमार की तरह पाला था और उन्हें लगने लगा था कि उनकी हर फरमाइशें पूरी होंगी। ऐसा अक्सर कहा जाता है कि बच्चों की हर फरमाइशें पूरी हों तो वे जिद्दी बन जाते हैं और राजेश खन्ना के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। यहीं से उन्हें ये लगने लगा था कि चाहे घर हो या स्कूल हर कोई बस उनपर ही ध्यान दें। जतिन अपनी इस दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे।

### चुन्नीलाल नि:संतान थे

राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था उनका नाम चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना है, जो उनके रिश्तेदार यानी चाचा-चाची थे। दरअसल, एक्टर को गोद लेने के पीछे की वजह ये थी कि चुन्नीलाल खन्ना और उनकी पत्नी, नि:संतान थे। इसी वजह से राजेश खन्ना की अपनी मां ने संतान के रूप में उनका यह बच्चा सौंपने का वादा पहले ही कर दिया था।

### जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी

और तो और, बताया जाता है कि अगर अपने मन की न हो तो वो रोना भी शुरू कर देते थे। अब बेशुमार प्यार ने उन्हें भी बिगाड़ा और जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी। उनके बचपन से जुड़ी एक घटना ने उनपर गहरा असर डाला। बताया जाता है कि उनके परिवार के करीब रहे एक शख्स ने इस बारे में बताया था जिसके बारे में बताया था, जिसमें उन्हें मामा से डांट पड़ने की कहानी है। ये वो घटना थी जो उन्हें पूरी जिंदगी याद रह गई।

### *पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी*

*एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने बताया था कि घर वापस आकर मां से उन्होंने पूछा था कि डिजर्विंग का मतलब क्या होता है, ऐसा क्यों है कि एक बेटा अपने बाप की कुर्सी पर बैठ नहीं सकता? इसके बाद मां लीलावती ने उनसे जो कुछ कहा वो राजेश खन्ना यानी जतिन के दिमाग में गांठ बनकर रह गई। इसके बाद चाई जी ने उनके पिता के स्ट्रगल की पूरी कहानी सुनाई कि कैसे चुन्नीलाल ने एक चॉल में रहकर मुंबई में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष किया था। कई साल की मेहनत के बाद वो मामूली से सुपरवाइजर के बाद रेलवे में कॉन्ट्रैक्टर बने थे। फिर चाई जी ने उनसे कहा, 'तुम्हारे मामा ने जो तुम्हें आज लायक बनने की बात कही है, उसका मतलब ये है कि जिस तरह वो मेहनत करके उस कुर्सी तक पहुंचे, तुम्हें भी वैसी ही मेहनत करनी होगी।' उस दौरान पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी थी। चाई जी ने कहा था, 'अगर अपने बुरे वक्त में भगवान को नहीं भूलते तो भगवान भी तुम्हें नहीं भूलता।' उस दिन उन्हें ये सबक समझ आ गया कि उन्हें जिंदगी में जो कुछ चाहिए, उसके लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।*

## खबर संक्षेप




### राष्ट्रीय कला महोत्सव में महिमा ने मारी बाजी

**छाल।** उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित चार दिवसीय प्रतिष्ठित तरांगन अखिल भारतीय राष्ट्रीय नृत्य, संगीत एवं ललित कला प्रतियोगिता में जिले का नाम राष्ट्रीय पटल पर गूंज उठा है। क्षेत्र के ग्राम नवापारा छाल की नन्ही परी महिमा चन्द्रा 7 वर्ष ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से पूरे प्रदेश सहित स्थानीय अंचल में हर्ष का माहौल है। राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई कला की चमक दुर्ग छत्तीसगढ़ की संस्था कथक रॉकर्स द्वारा आयोजित और भारत सरकार के द्वारा प्रमाणित इस गरिमापूर्ण राष्ट्रीय महोत्सव में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने हिस्सा लिया था। इतने बड़े मंच पर कड़े मुकाबले के बीच नवापारा की नन्ही कलाकार महिमा चन्द्रा ने अपनी कला का ऐसा जादू बिखेरा कि निर्णायक मंडल भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सका।

### आंखों से दिव्यांग सोनू ने छूकर महसूस किया घर



**रायगढ़।** सूर्या विहार में बिजली, पानी और सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त पक्का मकान मिलने के बाद जोगीडीपा से विस्थापित आंखों से दिव्यांग सोनू सारथी और उनके परिवार की खुशी देखते ही बन रही है। नए घर में पहुंचकर सोनू ने दीवारों, कमरों, गैलरी, किचन और वॉशरूम को हाथों से छूकर महसूस किया और भावुक होकर अपनी खुशी जाहिर की। सोनू सारथी ने बताया कि वह बिना ब्रेल लिपि के पढ़ाई करता है और छूकर रुपए के नोट पहचान लेता है। नए घर में प्रवेश के दौरान उसने घर के हर हिस्से को बारीकी से महसूस किया। सोनू ने कहा पहले कभी नहीं सोचा था कि ऐसा घर मिलेगा, जहां बिजली, पानी, किचन, अलग वॉशरूम और सभी सुविधाएं एक ही जगह होंगी। घर में ही पानी वॉशरूम की सुविधा से अब जिंदगी कुछ आसान लग रही है।

### दो दशक से अधूरी पड़ी है पठियापली बांध नहर परियोजना

**बरमकेला।** बरमकेला क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित पठियापली बांध नहर परियोजना पिछले दो दशकों से अधूरी पड़ी हुई है। वर्ष 2005 में बांध निर्माण के समय किसानों को खेतों तक सिंचाई सुविधा पहुंचाने का भरोसा दिया गया था, लेकिन लगभग 20 वर्ष बीत जाने के बाद भी नहर निर्माण पूरा नहीं हो सका है। ग्राम पठियापली, भंवरपुर और डभरा सहित आसपास के किसानों को आज तक परियोजना का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाया है। विडंबना यह है कि वर्ष 2012 से अब तक ग्रामीण 50 से अधिक बार आवेदनए मांग पत्र और शिकायतें दे चुके हैंए लेकिन परियोजना अब भी सरकारी फाइलों में अटकी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि जब बांध का निर्माण किया गया था, तब क्षेत्र के किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा, कृषि उत्पादन में वृद्धि और आर्थिक समृद्धि के सपने दिखाए गए थे। किसानों ने भी परियोजना के लिए सहयोग किया और उम्मीद की कि आने वाले समय में उन्हें इसका लाभ मिलेगा। लेकिन दो दशक बाद भी नहर अधूरी है और किसान सिंचाई सुविधा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार ग्रामीणों ने विभिन्न मंचों पर लगातार अपनी मांग उठाई है।

### जुआ फड़ पर पुलिस की रेड, पांच गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पूछापारा तालाब के पास जुआ खेल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से नकदी राशि प्रयुक्त सामग्री जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार 8-9 जून की दरम्यानी रात को थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। पूछापारा तालाब के पास जुआ खेलने की शिकायत मिली थी।

## राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों का सुधर रहा जीवन स्तर, नर्सरी से आगे की पढ़ाई हो रही फ्री

# बिरहोर बच्चे बीच में छोड़ देते थे पढ़ाई, जेपीएल ने ली जिम्मेदारी, अब पढ़ते हैं अंग्रेजी माध्यम स्कूल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बिरहोर जनजाति के लोगों की आजीविका जंगल के उत्पादों पर निर्भर रहती थी। पालक जीविकोपार्जन के लिए जंगल चले जाते थे तो बच्चे पढ़ाई नहीं कर पाते थे। वे भी बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते थे, ऐसी स्थिति को देखते हुए जिंदल पावर तमनार द्वारा इनिशिएटिव लिया गया और बिरहोर जनजाति के बच्चों को नर्सरी से ही स्कूल में पढ़ाने का निर्णय लिया और सुखद स्थिति यह है कि अब यहां के बच्चे अंग्रेजी माध्यम स्कूल में ही पढ़ते हैं। इन बच्चों की पढ़ाई की सभी व्यवस्था जिंदल फाउंडेषन द्वारा की जाती है।

ग्राम पंचायत कचकोबा का सीतापारा मोहल्ला में राष्ट्रपति के दत्तकपुत्र बिरहोर जनजाति के लोग रहते हैं। इस मोहल्ले में 33 परिवार रहते हैं, इनकी आबादी 106 है। पहले यहां के लोग जंगल जाते थे, जंगल के तेंदू, चार, महुआ, चिरौंजी आदि इनके आजीविका का साधन हुआ करते थे। ये पढ़ाई पर ध्यान नहीं देते थे। वर्श 2006 में जिंदल पावर तमनार द्वारा यहां के लोगों का जीवन स्तर सुधारने और इनको शिक्षित करने के लिए एक छोटी सी पहल की गई और बालवाड़ी की शुरूआत की गई। यहां प्रारंभिक शिक्षा मिलने के बाद बच्चों को आसपास के सरकारी स्कूलों में भर्ती किया जाता था। चूंकि उनके पालक आजीविका के लिए जंगल जाते थे, इसलिए बच्चों पर उनका नियंत्रण नहीं था और वे शिक्षा का महत्व नहीं जा पा रहे थे, इसलिए बच्चो बीच में ही प्राइमरी की पढ़ाई छोड़ देते थे। इनकी समस्या को देखते हुए जिंदल पावर तमनार द्वारा यह निर्णय लिया गया कि इस विशेष पिछड़ी जनजाति के बच्चों को प्रारंभ से ही अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा दी जाए ताकि वे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। इसके बाद उन बच्चों को नर्सरी से ही जिंदल के स्कूलों में भर्ती किया जाने लगा।



स्कूल में पढ़ाई करते बच्चे।

बच्चों की स्कूलिंग, परिवहन की व्यवस्था फ्री सीतापारा के बिरहोर जनजाति के लोगों के सर्वांगिण विकास को जिंदल पावर द्वारा अपने सीएसआर के दायित्वों में शामिल करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य व आजीविका के लिए विषेश प्रयास किया जा रहा है। बालवाड़ी सेंटर बनाया गया है, जहां खेल कूद की भी व्यवस्था की गई है वहां प्रारंभिक शिक्षा दी जाती है, फिर नर्सरी में उन विद्यार्थियों को भर्ती किया जाता है। इस सेंटर को को आर्डिनेट करने वाले आनंद पंडा ने बताया कि बच्चों के जूता, मोजा, ब्लेजर, यूनिफार्म से लेकर सभी कापी, पेन, पुस्तक तक की व्यवस्था जिंदल फाउंडेषन द्वारा किया जाता है। इन विद्यार्थियों को ओपी जिंदल स्कूल कुंजेमुरा में फ्री में पढ़ाई कराई जाती है। इन विद्यार्थियों के आने जाने के लिए बस की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

# केलो डैम से सिंचाई का सपना अधूरा, गति धीमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

2004 में जब केलो डैम से नहर निकालकर रायगढ़ के किसान को बारहमासी सिंचाई देने का संकल्प लिया गया था तब उम्मीद जगी थी कि अब जिले की धरती पर सोना उगलेगी।

22 साल बीत गए पर वो उम्मीद आज भी अधूरी है। सरकारें बदलीं समस्या वहीं रही केलो नहर की कहानी वास्तव में छत्तीसगढ़ की राजनीति का आईना है। 2004 में परियोजना शुरू हुई। उसके बाद 15 साल तक बीजेपी की सरकार रही। फिर 5 साल कांग्रेस का कार्यकाल आया। और अभी पिछले ढाई साल से फिर बीजेपी की सरकार है। मतलब कुल 23 साल में तीन अलग-अलग सरकारों ने केलो नहर को अपनी प्राथमिकता बताया बजट दिया वादे किए। पर धरातल पर नहर आज भी पूरी नहीं हो पाई। नतीजा ये हुआ कि नहर का काम कभी तेज हुआ कभी धीमा। कभी टेंडर बदला, कभी प्राथमिकता बदली। इस बीच




किसान वही का वही खड़ा रह गया। जिस किसान की जमीन 2004 में ली गई थी, वो आज भी रबी की फसल का सपना नहीं देख पाता। क्योंकि नहर से पानी उसके खेत तक नहीं पहुंचा। आंकड़े क्या कहते हैं केलो डैम बनकर तैयार हो गया, पानी भर गया। पर कमांड एरिया 25 हजार हेक्टेयर के मुकाबले अभी 4-5 हजार हेक्टेयर में ही सिंचाई हो पा रही है। माइनर और सब-माइनर नहरों का जाल बिछना बाकी है। कई जगह अतिक्रमण की वजह से काम रुका है।जल संसाधन विभाग के रिकॉर्ड में हर साल 80-90 प्रतिशत प्रगति दिखाई जाती है। पर जमीन पर जाकर देखें तो किसान को केलो का पानी नसीब नहीं हुआ।

# शराब दुकान हटाने की मांग, विधायक के नेतृत्व में महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन

**कटेली।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के झिकीपाली शासकीय शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर महिलाओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। इस मुद्दे को लेकर बड़ी संख्या में महिलाएं एकजुट होकर सारंगढ़ विधायक उतरी गनपत जांगड़े के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं और ज्ञापन सौंपा।

महिलाओं का कहना है कि ग्राम गिन्डोला के मुख्य मार्ग में शराब दुकान संचालित किया जा रहा है। जिसके कारण गांव का माहौल लगातार बिगड़ रहा है। गांव के मुख्य मार्ग पर स्थित इस दुकान से महिलाओं छात्राओं और आम नागरिकों को डोंगरीपाली बाजार व स्कूल आने जाने में परेशानी होती है। जिसके कारण मजबूरन कई छात्रा स्कूल छोड़ चुके हैं। साथ ही शराब के सेवन के चलते आए दिन विवाद और असामाजिक गतिविधियां भी बढ़ रही हैं जिससे परिवार और समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े ने कहा कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए इस शराब दुकान को अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाना चाहिए या पूर्ण रूप से बंद किया



जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान महिलाओं ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष अरुण मालाकार, पुरषोत्तम साहू, संजय दुबे, गणपत जांगड़े, गोपाल बाघे, रामनाथ सिदार, राकेश पटेल, बसंत चौधरी, मीरा बरीहा, सावित्री राणा, कुन्ती राणा, सुकांति सिदार, अनसूया सिदार अंबिका, सविता, द्रौनाचार्य सिदार, मोती राणा, राधाकांत पांडेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व महिलाएं उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन ने बदल दी पुटुकेला गांव की तस्वीर

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय से लगभग 60-70 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम पुटुकेला एक वनांचल क्षेत्र है, जो चारों ओर से घने जंगलों से घिरा हुआ है। भौगोलिक चुनौतियों के बावजूद जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्राम में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ एवं विकसित किया गया है।

ग्राम में स्थापित 4 उच्च स्तरीय जलागारों के माध्यम से 134 फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन द्वारा सभी परिवारों को नियमित रूप से शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। पाइप लाइन नेटवर्क के जरिए घर-घर नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, जिससे ग्रामीणों को अब पानी के लिए दूरस्थ स्त्रोतों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन से पूर्व ग्रामवासी पेयजल के लिए मुख्यतः कुओं तथा अन्य पारंपरिक जल स्त्रोतों पर निर्भर थे। महिलाओं और बच्चों को प्रतिदिन पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जिससे समय और श्रम दोनों की अधिक खपत होती थी। गर्मी के मौसम में जल स्त्रोतों में पानी की कमी हो जाती थी, जबकि वर्षा ऋतु में




**60 किलोमीटर दूर वनांचल गांव में आज हर घर में नल का शुद्ध पानी**

जल की गुणवत्ता प्रभावित होने से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती बन जाता था। इसके कारण जलजनित बीमारियों की आशंका भी बनी रहती थी। जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्थापित जल प्रदाय व्यवस्था से ग्राम पुटुकेला में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। अब सभी परिवारों को घर पर ही नल के माध्यम से नियमित रूप से शुद्ध पेयजल प्राप्त हो रहा है। इससे महिलाओं और बच्चों के समय एवं श्रम की बचत हुई है। बच्चे नियमित रूप से विद्यालय जा पा रहे हैं तथा महिलाएं घरेलू कार्यों के साथ-साथ आजीविका संबंधी गतिविधियों में भी अधिक समय दे पा रही हैं। शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता से ग्रामीणों के स्वास्थ्य स्तर में सुधार आया है तथा जलजनित बीमारियों में कमी आई है। ग्रामवासियों का जीवन अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और खुशहाल हुआ है।

जल जीवन मिशन के निर्धारित मानकों के अनुरूप ग्राम के सभी परिवारों को नल के माध्यम से नियमित पेयजल उपलब्ध कराए जाने के फलस्वरूप लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम पुटुकेला का घर जल प्रमाणीकरण भी पूर्ण किया जा चुका है। ग्राम पुटुकेला के निवासी जल जीवन मिशन से अत्यंत संतुष्ट हैं और उनका मानना है कि इस योजना ने उनके जीवन में एक महत्वपूर्ण सकारात्मक परिवर्तन लाया है। इससे ग्रामीणों को नियमित रूप से शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो रहा है, जिससे उनके जीवन स्तर, स्वास्थ्य तथा दैनिक गतिविधियों में उल्लेखनीय सुधार आया है।

# उधारी के पैसे मांगने पर महिला से मारपीट, दो सगे भाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा थाना क्षेत्र में उधार के पैसे वापस मांगना एक महिला को भारी पड़ गया। पैसे की मांग से नाराज दो सगे भाइयों ने महिला के घर में घुसकर उसके साथ गाली गलौज और मारपीट कर दी।

मामले की शिकायत मिलते ही घरघोड़ा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बैहामुड़ा निवासी धनेश्वरी साहू छाल रोड स्थित अपने घर से लगे ढाबे का संचालन करती हैं। करीब एक वर्ष पहले उन्होंने अपने परिचित जितेन्द्र साहू को जरूरत पड़ने पर 5 हजार रुपये उधार दिए थे। महिला द्वारा कई बार रकम वापस मांगने पर आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा। बताया गया कि 8 जून की शाम करीब 4 बजे जितेन्द्र साहू और उसका भाई राजेन्द्र साहू महिला के ढाबा.नुमा घर में पहुंचे और उधार के पैसों को लेकर विवाद करने लगे। इस दौरान दोनों ने महिला के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली गलौज की और विरोध करने पर मारपीट कर धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़िता ने थाना घरघोड़ा पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने दर्ज करते हुए की धारा 333, 296, 351,3ए 115,2 एवं 3,5 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने तत्काल आरोपियों की तलाश शुरू की। दबिश देकर पुलिस ने जितेन्द्र साहू और राजेन्द्र साहू दोनों निवासी बैहामुड़ा घरघोड़ा को हिरासत में लिया। पूछताछ और पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# प्रगति नगर के बाद अब एक और मोहल्ला जमींदोज, जोगीडीपा के 29 मकान ध्वस्त

**रायगढ़।** प्रगति नगर के बाद अब शहर का एक और पुराना मोहल्ला जमींदोज हो गया है। सदियों से बसे इस मोहल्ले का इतिहास अब यहां के मलबे में दफन हो गया है। कुछ दिनों तक वहां के रहवासी आंसू बहाएंगे, इसके बाद स्वतः ही भूल जाएंगे। पहले चरण में जोगीडीपा के 29 मकानों को ध्वस्त किया गया है। बूलडोजर चलाने के दौरान किसी तरह का कोई तनाव न हो इसके लिए वहां जितने परिवार रहते थे उससे ज्यादा पुलिस जवानों की तैनाती कर दी गई थी।

सुबह-सुबह जब पुलिस जोगीडीपा मोहल्ले में पहुंची तो एक बारगी लगा कि यहां कर्फ्यू जैसे हालात निर्मित होगा, लेकिन ऐसा कुछ हुआ। पहले ही वहां के लोगों को दूसरे जगह पर शिफ्ट कर दिया गया है। गिने चुने लोग ही वहां मौजूद थें जो किसी तरह के विरोध करने की स्थिति में ही नहीं थे। दूसरी ओंर जोगीडीपा के करीब 29 मकानों पर पहलें चरण में बुलडोजर चलाया गया है। मंगलवार की



सुबह सूरज निकलने के साथ ही 500 पुलिस जवानों की सुरक्षा घेरे के बीच नगर निगम का तोड़ अमला बुलडोजर के साथ जोगीडीपा मोहल्ले में पहुंचा। इस दौरान नगर निगम आयुक्त, तहसीलदार सहित पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। बता दें कि इन मकान में रहने वाले परिवारों को पहले ही सूर्याविहार कॉलोनी स्थित ईडब्ल्यूडी की बिल्डिंग में शिफ्ट किया गया है। गौरतलब है कि मई माह के अंतिम सप्ताह में जोगीडीपा में रहने वाले करीब 33 परिवारों को केनाल लिंक रोड निर्माण के लिए नोटिस जारी करते हुए मकान खाली करने के निर्देश दिए गए थे। इसको लेकर शुरूआत में काफी विरोध भी मोहल्लेवासियों ने किया था। जिसके बाद विस्थापन की व्यवस्था की मांग को लेकर प्रभावित परिवार नगर निगम कार्यालय भी पहुंचे थे, इस दौरान उन्हें सुव्यवस्थित पुनर्वास को लेकर आश्वास्त किया गया था। इसके बाद नगर निगम की टीम ने सभी प्रभावित परिवारों को सूर्या विहार स्थित ईडब्ल्यूएस बिल्डिंग में शिफ्ट किया गया। मंगलवार की सुबह करीब 6 बजे नगर निगम की टीम जोगीडीपा पहुंची, इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। बताया जा रहा है कि बिलासपुर संभाग के विभिन्न जिलों से करीब 500 पुलिस जवानों को बुलाया गया था। जोगीडीपा में दाखिल होने के साथ ही एक एक कर मकानों व दुकान पर बुलडोजर चलाया गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को पहले चरण में 29 मकानों को तोड़ा गया।

# एनटीपीसी के परियोजना प्रमुख बने कार्यकारी निदेशक

**घरघोड़ा।** एनटीपीसी तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख अखिलेश सिंह को कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी लिमिटेड पद पर पदोन्नत किया गया है। वर्ष 1993 में एनटीपीसी से अपने करियर की शुरुआत करने वाले श्री सिंह को ऊर्जा एवं खनन क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का व्यापक अनुभव प्राप्त है।



बिहार के भागलपुर विश्वविद्यालय से विद्युत अभियंत्रण में स्नातक श्री सिंह ने एनटीपीसी के विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं एवं प्रतिष्ठानों जैसे रिहंद, विंध्याचल, लारा, बोंगाईगांव तथा पश्चिमी क्षेत्र रायपुर में अपनी सेवाएं दी हैं। वे पूर्व में एनटीपीसी लारा एवं एनटीपीसी बोंगाईगांव में परियोजना प्रमुख के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। विद्युत अनुरक्षण, ईंधन प्रबंधन तथा संचालन एवं अनुरक्षण उनके प्रमुख विशेषज्ञता क्षेत्र हैं। उनके नेतृत्व में एनएमएल तलईपल्ली ने उत्पादन, सुरक्षा, सामुदायिक विकास तथा परिचालन उत्कृष्टता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### हवा में उछली कार...

के गिरते ही उसमें से धुआं निकलने लगा, जिससे आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों को आशंका थी कि कहीं वाहन में आग न लग जाए और चालक की जान खतरे में न पड़ जाए। मौके पर मौजूद ग्रामीण बिना देर किए घटनास्थल की ओर दौड़े। कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी और चालक अंदर फंसा हुआ था। ग्रामीणों ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए किसी तरह वाहन का दरवाजा खोला और चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। दुर्घटनाग्रस्त कार क्रमांक सीजी 24 आर 5906 का चालक जॉनसन टोप्पो, पिता विक्टोर टोप्पो, निवासी घोलेंगे बताया जा रहा है। जॉनसन ने बताया कि वह सन्ना में अपनी बहन से मिलने गया था और वापस बगीचा- नारायणपुर-जशपुर मार्ग से अपने गांव घोलेंगे लौट रहा था। इसी दौरान कपरिनाला मोड़ के पास वाहन का संतुलन बिगड़ गया और हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार काफी अधिक थी। जैसे ही वाहन मोड़ पर पहुंचा, चालक नियंत्रण खो बैठा और गाड़ वाल को तोड़ते कार सीधे सड़क से नीचे जा गिरी। लोगों ने बताया कि कार इतनी तेजी से पलटी कि कुछ क्षणों के लिए लगा कि चालक का बच पाना मुश्किल है। लेकिन जब चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया और वह बातचीत करता नजर आया तो लोगों ने राहत की सांस ली। इस दुर्घटना के बाद एक बार फिर कपरिनाला मोड़ की सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस मोड़ पर लोक निर्माण विभाग द्वारा न तो किसी प्रकार का चेतावनी संकेतक लगाया गया है और न ही रिफ्लेक्टर अथवा सुरक्षा बैरियर की व्यवस्था की गई है। बाहरी क्षेत्रों से आने वाले वाहन चालकों को अचानक मोड़ का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है।ग्रामीणों ने बताया कि यह पहला हादसा नहीं है। इससे पहले भी इस स्थान पर कई छोटे-बड़े सड़क हादसे हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

### पीएम धन-धान्य कृषि ...

कार्ड, प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रीकरण, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के सशक्तिकरण, मूल्य संवर्धन एवं बाजार संपर्क गतिविधियों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया। संयुक्त सचिव ने कहा कि किसानों की आय में स्थायी वृद्धि के लिए केवल उत्पादन बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि कृषि आधारित उद्यमिता, आधुनिक तकनीक, प्रसंस्करण और विपणन को भी समान रूप से बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने जिले में चल रहे नवाचारों की प्रशंसा करते हुए आगामी कार्ययोजना को निर्धारित समय-सीमा में प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। जशपुर जिले मंन प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत किसानों की आय वृद्धि, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, कृषि विविधीकरण एवं कृषि आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में किए जा रहे प्रयास अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। इससे जिले के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों का लाभ मिलने के साथ-साथ उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक सुदृढ़ होगा।

# धनागर के भूतपूर्व उपसरपंच के घर से नकली शराब का जखीरा बरामद, चायपत्ती की करते थे मिलावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्राम पंचायत धनागर का भूतपूर्व उपसरपंच के घर से बड़ी मात्रा में नकली शराब का जखीरा पुलिस ने बरामद किया है। वह बीते करीब 6 साल से नकली शराब बनाकर ग्राम धनागर सहित आस-पास के गांवों में बिक्री कर अवैध मुनाफा कमा रहा था।

ताज्जुब की बात तो यह है कि इतने बड़े पैमाने पर भूतपूर्व सरपंच द्वारा चलाए जा रहे इस गोरख धंधे की भनक ना तो पुलिस को लगी और ना ही आबकारी विभाग को। ऐसे में इनकी कार्यशैली पर भी अब सवाल उठना लाजमी है। यहां दूसरे प्रांतों के शराब लाकर लोकल शराब का लेबल लगाकर बिक्री की जा रही थी। इसमें रेड लेबल का चाय पत्ती तक का उपयोग किया जाता था। नकली शराब की नकली बोतल की ढक्कन में नकली होलोग्राम भी लगाई जाती थी। ग्राम धनागर में बड़ी मात्रा में अवैध शराब बनाकर बेचने की सूचना पर पुलिस व आबकारी विभाग ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पंचायत के भूतपूर्व उप सरपंच दुष्यंत पटेल उर्फ पप्पू पिता पुरुषोत्तम पटेल को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी के



घर में गाय के कोठे से बड़ी मात्रा में नकली शराब का जखीरा बरामद किया गया। यहां इतनी मात्रा में नकली शराब रखी गई थी कि कार्रवाई करने पहुंची संयुक्त टीम भी दंग रह गई। कार्रवाई के दौरान की गई पूछताछ में आरोपी दुष्यंत पटेल उर्फ पप्पू ने बताया कि वह अपने बड़े भाई सुभाष पटेल और एक अन्य साथी विनय सिंह के साथ मिलकर यह नकली शराब तैयार कर बेचता था। इस कार्रवाई में 869 नग विभिन्न पैमानों की करीब 240 लीटर नकली शराब के साथ शराब बनाने से संबंधित कई सामान भी जब्त किए गए। आरोपी ने बताया कि नकली शराब की बिक्री से करीब 2 लाख 15 हजार रूपए की कमाई उसने की है।

### इस तरह बनाता था नकली शराब

ग्राम धनागर में कार्यवाही करने पहुंची पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम को पूछताछ में आरोपी भूतपूर्व उपसरपंच दुष्यंत पटेल उर्फ पप्पू ने बताया कि वे तीनों मिलकर अरूणाप्रदेश, झारखंड और छत्तीसगढ़ से शराब खरीदते थे और बाद में उसमें स्प्रिट एवं अन्य पदार्थों के साथ रेड लेबल चायपत्ती का उपयोग कर शराब की मात्रा बढ़ा देते थे। वहीं पुरानी शराब की बोतलों को एकत्र कर उसकी सफाई करने के बाद उन पर नकली लेबल व होलोग्राम लगाकर उसकी पैकिंग की जाती थी। इसके बाद इस नकली शराब को कोचियों के माध्यम से असली शराब के साथ बाजार में बेचने के लिए भेज दिया जाता था।

